C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:59 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 54 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 12 अगस्त 2025

सिद्धार्थ-कियारा की फिल्म 'शेरशाह' ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## कांग्रेस कर रहीं अधिकारियों को दवाब में लेने का प्रयास:अनिल डब्बू

**हल्द्वानी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने कांग्रेस नेताओं द्वारा अधिकारियों को धमकाने के कथित प्रयासों की कड़ी आलोचना की है। डॉ. डब्बू ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हमेशा गुंडों को बढ़ावा दिया और अब पिछले 15 वर्षों से सत्ता से बाहर होने के बाद फिर अन्य सहारे से सत्ता में आने का सपना देख रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखती है और अधिकारी ईमानदारी से अपना काम करते हैं, वे किसी भी राजनीतिक या आपराधिक दबाव में नहीं आते। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार का गैरकानूनी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो। डॉ. डब्बू ने आरोप लगाया कि जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस 'हॉर्स ट्रेडिंग' का प्रयास कर रही है, लेकिन सफल नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस का दोबारा सत्ता में आना अब नामुमकिन है, क्योंकि युवा मुख्यमंत्री धामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जनता के बीच रहकर आपदा के समय भी उनके दुख-दर्द बांटते हुए लगातार विकास कार्य आगे बढ़ा रहे हैं।

## छात्रों पर मारपीट का आरोप लगाया

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के एक छात्र ने अन्य छात्रों पर मारपीट का आरोप लगाया है। कोतवाली में शिकायत कर छात्र ने कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र देते हुए गर्व धनिक ने कहा है कि सोमवार को वह एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी मनाने गए हुए थे। अन्य छात्र भी वहां मौजूद थे। इस दौरान पिछले लड़ाई झगड़े को लेकर युवकों से कहासुनी हो गई। इस दौरान दो युवकों ने हाथ से कड़े निकालकर उसको व उसके एक दोस्त को मारना शुरू कर दिया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर भागकर आए। मारपीट में उसको व उसके साथी सचिन को चोट आई है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में दूसरे पक्ष को बुलाया गया है।

# भाजपा के अजय मौर्या बने जिला पंचायत के निर्विरोध अध्यक्ष

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

रुद्रपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष पद पर भाजपा ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए अजय मौर्या को निर्विरोध अध्यक्ष चुना। रुद्रपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष पद पर भाजपा ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए अजय मौर्या को निर्विरोध अध्यक्ष चुना। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मौर्या को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृहक्षेत्र खटीमा विकासखंड में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख और कनिष्ठ उप प्रमुख के पदों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। ब्लॉक प्रमुख पद पर सरिता देवी, ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर भागीरथी देवी और कनिष्ठ उप प्रमुख पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भांजे गौरव सिंह नेगी चुने गए। ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भाजपा को बगावत का सामना करना पड़ रहा है। टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेता जितेंद्र गौतम ने अपनी पत्नी रीना गौतम का ब्लॉक प्रमुख के लिए नामांकन दाखिल कराया है। भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी ममता जल्होत्रा ने भी नामांकन दाखिल किया है।

जितेंद्र और रीना ने दावा किया है कि उनके पास 40 में से 27 बीडीसी सदस्यों का समर्थन है। तीन और सदस्य उनके संपर्क में हैं। वे जिले में सबसे अधिक वोटों से ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीतेंगी। उन्होंने भाजपा को नहीं छोड़ा है, वे पार्टी के साथ बने रहेंगे।



हर्षिल में झील भी बनी चुनौती

# 68 लोगों के लापता होने की पुष्टि खोजबीन और बचाव कार्य जारी

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

खीर गंगा का जल स्तर बढ़ने से बचाव व राहत कार्यों में लगीं टीमों के आवागमन के लिए बनाई गई संपर्क पुलिया बह गई। जिससे कुछ समय के लिए आवाजाही बाधित रही।

उत्तरकाशी जिले के धराली आपदा में प्रशासन ने 68 लोगों के लापता होने की पुष्टि कर दी है। इसमें नेपाल मूल के 25 मजदूर भी शामिल हैं। आपदा के आठवें दिन मंगलवार को बचाव व राहत कार्य जारी रहा। लेकिन संचार सेवा बाधित होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का एक-दूसरे से संपर्क नहीं हो पाया। खीर गंगा का जल स्तर बढ़ने से बचाव व राहत कार्यों में लगीं टीमों के आवागमन के लिए बनाई गई संपर्क पुलिया बह गई। जिससे कुछ समय के लिए आवाजाही बाधित रही। इसके अलावा लापता लोगों की जीपीआर प्रणाली से खोजबीन के लिए बनाए गए गड्ढों में पानी भर गया।



देहरादून से विशेषज्ञों की टीम भी आपदा क्षेत्र में अध्ययन के लिए नहीं जा सकी। इसके अलावा हर्षिल में भागीरथी में बनी झील भी चुनौती बनी हुई है, इससे पानी निकासी के लिए सिंचाई विभाग, यूजेवीएनएल ने मैन्युअली काम शुरू किया है, पर यह आसान नहीं लग रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने सूची जारी की है, जिलके अनुसार धराली आपदा में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई और 68 लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है, इनमें 25 नेपाल मूल के मजदूर भी हैं। प्रशासन ने सोमवार को आपदा में 42 लोगों के लापता होने और एक व्यक्ति की मृत्यु होने की बात कही थी। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि नेपाल के श्रमिकों के नाम को लेकर कुछ दिक्कत थी, उसके दूर होने के बाद सूची बन गई है।

भागीरथी में बनी झील से पानी निकासी के लिए सिंचाई विभाग ने नौ एई, जेई के साथ श्रमिकों की टीम भेजी है। यूजेवीएनएल की टीम भी पहुंची हुई है। मंगलवार को टीमों ने झील में चैनेलाइजेशन करने और फंसी हुई लकड़ी को काटकर हटाने का काम शुरू कर दिया है।

# योग प्रशिक्षक ज्योति के आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सज़ा की मांग

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

आखिरकार योगा ट्रेनर की पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। गौरतलब हैकि मुखानी क्षेत्र की जेकेपुरम कॉलोनी में किराये पर रह रही महिला योग प्रशिक्षक ज्योति मेर की नृशंस हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। 30 जुलाई को हुई इस घटना के बाद से न केवल पीड़ित परिवार बल्कि पूरा शहर आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सज़ा की मांग कर रहा है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि ज्योति की मौत दम घुटने और सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण हुई। इसके अलावा, उनके सीने पर भी चोट के निशान मिले हैं, जिससे यह आशंका और गहराई है कि हत्या गला घोंटकर की गई। यह हत्या सुनियोजित प्रतीत हो रही है।ज्योति के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध व्यक्ति को मास्क पहने उनके कमरे से निकलते हुए देखा गया है। पुलिस और एसओजी की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक मुख्य आरोपी ङ्क योगा सेंटर के दो भाई ङ्क पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

घटना के बाद महिला संगठनों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और एसडीएम कोर्ट पहुंचकर इस जघन्य हत्याकांड का जल्द खुलासा करने की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि शहर की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होते, आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

ज्योति मेर की मां ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मेरी बेटी को बेरहमी से मार डाला गया। अब तक आरोपी पकड़े नहीं गए। क्या हमें इंसाफ नहीं मिलेगा? उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। लगातार हो रही हत्याओं और अपराधों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जनता का कहना है कि हल्द्वानी में महिलाएं और बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि पुलिस सख्ती से कार्रवाई करे और जनता का विश्वास को बनाएं रखे। मृतका की मां का कहना है कि अगर हथियारों की नहीं पकड़े गए तो जन आंदोलन किया जाएगा।

# ब्लॉक प्रमुख चुनाव में बीजेपी की अधिकृत प्रत्याशी मंजू गौड़

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

ब्लॉक प्रमुख चुनाव में बीजेपी की अधिकृत प्रत्याशी मंजू गौड़ निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हो गई है, कल ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मंजू गौड ने बीजेपी की अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर तो वही निर्दलीय ब्लॉक प्रमुख पद के मीना पांडेय ने नामांकन कराया था लेकिन आज मीना पांडेय ने अपना नाम वापस ले लिया है, ब्लॉक प्रमुख चुनाव एआरओ हल्द्वानी एसडीएम राहुल शाह ने बताया मंजू गौड ब्लॉक प्रमुख पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गई है।



# नुमाइश की व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल, धरने पर बैठे पार्षद

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

वार्ड नंबर 11 के पार्षद रवि जोशी ने शहर में चल रही नुमाइश (प्रदर्शनी) की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा, कोतवाली परिसर में धरना बैठ कर नुमाइश का विरोध जताया जिसमें प्रदर्शनी आयोजन के दौरान प्रशासनिक लापरवाही की बात कही गई है। पार्षद रवि जोशी का आरोप है कि नुमाइश में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई है, जबकि सामान्यत ऐसी प्रदर्शनी में कम से कम एक दरोगा तथा 15 से 20 महिला व पुरुष कांस्टेबलों की ड्यूटी लगाई जाती है। इसके लिए आयोजकों को पुलिस विभाग में लगभग 15 से 16 लाख रुपये की धनराशि जमा करनी होती है, जो अभी तक जमा नहीं कराई गई है। बावजूद इसके, पुलिस प्रशासन द्वारा बिना निर्धारित



शुल्क जमा हुए ही अनुमति दे दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नुमाइश स्थल के आसपास लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है, जिससे पुलिस को अतिरिक्त ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती करनी पड़ रही है। आमतौर पर इसका खर्च भी आयोजकों द्वारा वहन किया जाता है, लेकिन अब तक यह भुगतान नहीं हुआ है। पार्षद ने सवाल उठाया कि आम नागरिकों के लिए पुलिस सत्यापन के सख्त नियम हैं, लेकिन नुमाइश में कार्यरत कर्मियों का कोई पुलिस सत्यापन नहीं किया गया है। यह सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चूक मानी जा रही है। शिकायत में उन्होंने यह भी बताया कि प्रदर्शनी में लगे झूलों के पास किसी भी प्रकार का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। झूलों की फिटनेस की जांच पीडब्ल्यूडी (क्क्ष्ठ) विभाग से होती है, लेकिन संबंधित प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मेले में फायर ब्रिगेड की कोई गाड़ी तैनात नहीं है, न ही इसके लिए किसी प्रकार की धनराशि अग्निशमन विभाग को दी गई है। जोशी ने मांग की है कि मेला क्षेत्र में मॉक ड्रिल कराई जाए ताकि आपात स्थिति में तैयारियों का मूल्यांकन किया जा सके। सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया कि झूलों में करंट दौड़ने की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं, जो जानलेवा हो सकती हैं। पार्षद ने यह भी कहा कि प्रदर्शनी में जारी की जा रही टिकटों पर कोई जीएसटी नंबर अंकित नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब ?20 के समोसे पर भी जीएसटी नंबर जरूरी होता है, तो ऐसे बड़े आयोजन में इसका उल्लंघन क्यों किया जा रहा है? पार्षद रवि जोशी ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल इस पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करे, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से पहले स्थितियों को नियंत्रित किया जा सके। पार्षद रवि जोशी को धरने से उठाने के लिए सीओ नितिन लोहनी कोतवाली पहुंचे और पार्षद को धरने से उठाने का प्रयास किया सीओ ने बताया कि मामले की जांच गहनता से की जा रही है। जल्द ही ठेकेदार के ऊपर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# 26 किलोमीटर की नौकायन यात्रा की पूरी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



5यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा संचालित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) के अष्टम दिवस यानी सोमवार का आयोजन अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कैडेट्स ने सोमवार को 26 किलोमीटर की नौकायन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की, इसके साथ ही अब तक शिविर की कुल नौकायन दूरी 240 किलोमीटर हो गई है जो कैडेट्स की मेहनत तथा टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

इससे पूर्व सोमवार को के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेट्स ने सेलिंग, बोट पुलिंग, ड्रिल तथा बोट रिगिंग जैसे नौसैनिक कौशलों का गहन अभयास किया। प्रशिक्षकों ने नाव संचालन की तकनीक, जल पर संतुलन बनाए रखने की विधियां और टीम समन्वय को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। कमान अधिकारी कैप्टन मृदुल शाह ने कैडेट्स की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हर बीतते दिन के साथ प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कैडेट्स का आत्मविश्वास नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि 240 किलोमीटर की अब तक की नौकायन यात्रा इस बात का प्रमाण है कि कैडेट्स न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी पूरी तरह तैयार हो रहे हैं।

शिविर के संचालन में एकस ओ लेफिटनेंट कमांडर अनिल मनहास, विक्रांत सिंह (चीफ पेट्टी ऑफि सर), रवि कुमार (पेट्टी ऑफि सर), सतीश शर्मा (लीडिंग कॉयुनिकेशन) और सनी कुमार (पेट्टी ऑफि सर) का विशेष योगदान रहा।

**समापन**

- 5यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा सेलिंग अभियान संपन्न हुआ

## NEWS / फटाफट


### पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में होटल ढाबों में पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दुकान में शराब पिलाने पर दो दुकान संचालकों के खिलाफ  कार्रवाई की गई। बता दें कि सोमवार को मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से होटल ढाबों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने होटल व रेस्टोरेंट स्वामियों से ग्राहकों को शराब न परोसने की अपील की। चैकिंग के दौरान ही दो दुकानों में ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाने पर जमकर फ टकार लगाई। कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि अवैध तरीके से शराब पिलाने पर मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र निवासी राज सहदेव व हिमांशु के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### भारी वर्षा के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

**नैनीताल ।** नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। बारिश के दौरान एसडीएम ने खूपी क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है। साथ ही खतरे की जद में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील भी की। प्रशासन की ओर से क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते प्राथमिक विद्यालय व इंटर कॉलेज में ठहरने की व्यवस्था की गई है। बता दें कि रविवार को तेज वर्षा के चलते एसडीएम नवाजिश खलीक ने सोमवार को खूपी क्षेत्र का दौरा किया। जहां उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर भूधंसाव व खतरे को लेकर जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी परेशानियां एसडीएम को बताई। एसडीएम ने बताया कि खूपी क्षेत्र में फिलहाल वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर राजस्व निरीक्षक व ग्रामीणों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गए हैं। बताया कि क्षेत्र में पहले ही प्रभावितों को गांव छोडक़र सुरक्षित रहने की अपील की है। बताया कि अब तक प्रभावित परिवार गांव में ही रह रहे हैं। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए गांव के लोगों के लिए फि लहाल स्कूलों में रहने की व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से राशन के किट भी बना लिए गए हैं। यहीं नहीं ग्रामीणों के पशुओं के लिए भी व्यवस्थाएं बनाई गई है। बताया कि फिलहाल क्षेत्र की स्थिति सामान्य है। स्थिति बिगडऩे पर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा।

### 402वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 402वें दिन भी जारी रहा।  महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया गया। इस अवसर पर गोविंद कापड़ी, उमेश कापड़ी तथा मंदिर के पुजारी ओली शामिल रहे।

### दो महिलाओं की उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** अलग अलग घटनाओं में दो महिलाओं की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम करा कर उनके शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से उनके परिवार में कोहराम मच गया , खन्ना फार्म, तल्ली हल्द्वानी निवासी ईश्वरी देवी (54) पत्नी जीवन चंद्र जोशी लंबे समय से अस्वस्थ थीं और उनका उपचार चल रहा था। नौ अगस्त को वह दवा खाने के लिए कमरे में गईं, जहां अन्य दवाओं के साथ जहरीला पदार्थ भी रखा था। गलती से उन्होंने उसे दवा समझकर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया ।  जहां उपचार के दौरान उसकी की मौत हो गई।
उधर रानीखेत के विशालकोट निवासी 35 वर्षीय ज्योत्सना देवी पत्नी सुंदर सिंह सात अगस्त को रसोई में खाना बना रही थीं। इस दौरान सांप ने उनके पैर में काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए अल्मोड़ा के चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने   उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें  एसटीएच रेफर कर दिया वही उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पहुंची पुलिस ने दोनों महिलाओं के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया।



# एच एन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एच एन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबॉल टूर्नामेंट  में एक मात्र मुकाबला खेला गया।

बता दें डीएसए मैदान में सनवाल स्कूल नैनीताल तथा तथा हरमन माइनर स्कूल भीमताल के मध्य मुकाबला हुआ। मध्यांतर तक  सनवाल  स्कूल नैनीताल ने तीन तथा हरमन माइनर ने एक गोल किया । अंतिम स्कोर 3-1 रहा तथा सनवाल ने मैच जीत लिया। सनवाल स्कूल के विदित ने 3 गोल तथा  हरमन माइनर के स्वार्थ ने एक गोल किया। सनवाल स्कूल ने सेमीफ इनल में अपना स्थान बनाया। रेफ री प्रेम सिंह बिष्ट, भास्कर तथा अपूर्व बिष्ट रहे । प्रतियोगिता के आयोजकों के मुताबिक बुधवार (आज) का सेमीफ इनल मुकाबल मुकाबला  बीएसएसबीए तथा एलपीएस के मध्य खेला जाएगा।

# नव साँस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा नैनीताल की बैठक नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नव साँस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा नैनीताल की बैठक में सर्व सममति से नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न किया गया।

चुनाव अधिकारी के रूप में क्षेत्रीय सभासद जितेंद्र पांडे एवं वरिष्ठ अधीवक्ता अमर मूर्ति शुकला के मार्गदर्शन में बनी नयी कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर खुशहाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष संतोष पंत, संरक्षक के रूप में कुँवर सिंह रावत, सचिव पूरन चन्द्र पांडे, उप सचिव गणेश लोहनी, कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, सूचना सचिव में दीपक जोशी तथा यू डी जोशी, संगठन सचिव नवीन चंदोला, भंडार अध्यक्ष इंद्र सिंह रावत, प्रबंधक कंचन चंदोला तथा प्रधान अधिकारी के रूप में वीरेंद्र जोशी को आम सहमती से चुना गया।नयी कार्यकारिणी के पहले कार्यक्रम के रूप में जन्माष्टमी को भव्य रूप से आयोजित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भूमियाधार निवासी अभिषेक चंद्रा बने कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख, लोगों ने दी बधाइयां

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल के भूमियाधार निवासी अभिषेक चंद्रा को भीमताल ब्लॉक के कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर नियुक्त किया गया है। भूमियाधार प्रथम से बीडीसी मेंबर का चुनाव जीत चुके अभिषेक चंद्रा ने आज बताया कि उन्हें निर्विरोध कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नियुक्त किया गया है।

वहीं लोगों ने कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख बनने पर उन्हें बधाइयां दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। इस दौरान अभिषेक ने कहा कि वह इस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे और साथ ही जो क्षेत्र में काम नहीं हुए हैं उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा उन्होंने कहा कि उनका पहला काम क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र के विकास के लिए होगी। इस दौरान अभिषेक ने सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक अभिनंदन किया साथ ही उन्होंने कहा कि उनका पहला उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

**खुशी**

- उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र के विकास के लिए होगी

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मां नयना देवी मंदिर में पार्थिव पूजा का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से श्री मां नयना देवी मंदिर में पार्थिव पूजा का विशेष आयोजन प्रधान आचार्य बसंत बल्लभ पांडे  के नेतृत्व में किया गया, जिसकी वजह से माहौल भकतिमय बना रहा।

पार्थिव पूजा में  यजमान न्यासी पान सिंह ढेला सपत्नीक पूजा में रहे। इससे पूर्व श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया,  सोमवार को प्रात~ से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी रही। इस आयोजन को सफल बनाने में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, सचिव हेमंत शाह समेत पुजारी चंद्र शेखर जोशी, भुवन चंद्र कांडपाल, नवीन चंद्र तिवारी, बच्ची राम पंत, लक्ष्मी नारायण लोहनी, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश मेलकानी,बसंत जोशी सहित मंदिर के  कर्मचारी व न्यासी जुटे रहे। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने सभी का आभार जताया।

दूसरी ओर नगर के मां पाषाण देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, गुफा महादेव, स्नोव्यू स्थित देव मंदिर,माल रोड स्थित शिव मंदिर समेत नगर के सभी शिवालयों में दिनभर भकतों की भीड़ भाड से माहौल भकितमय बना रहा। बारिश के बाद भी भकतों ने उपवास रखकर मंदिरों में बिशेष पूजा अर्चना की।

# पैदल चलकर न्यायाधीशों ने स्वस्थ्य रहने का दिया संदेश








**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल हरीश कुमार गोयल के नेतृत्व में मंगलवार को अर्तराष्ट्रीय युवा दिवस के विशेष मौके पर वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के मकसद से जिला न्यायालय नैनीताल के समस्त न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा आवास से अपने कार्यस्थल तक पैदल चलकर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गूलयानी ने बताया कि अंतर्राष्टीय युवा दिवस 2025 की थीम स्थायी विकास लक्ष्यों और उससे आगे के लिए स्थानीय युवा कार्य यह थीम स्थानीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका और सामाजिक विकास एवं शांति में उनके व्यापक योगदान पर प्रकाश डालती है। युवाओं को उनके समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें स्थायी विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।

बताया कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी लोग पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर एक बेहतर राष्ट्र एवं भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान न्यायाधीश सुधीर तोमर, अपर जिला न्यायाधीश नैनीताल कुलदीप शर्मा, मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल रवि प्रकाश, सिविल जज (सी0डि) नैनीताल हर्ष यादव, सिविल जज (सी0डि0)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी, सिविल जज (जू0डि)0 नैनीताल उर्वशी रावत, अपर सिविल जज (जू0डि0) नैनीताल स्नेहा नारंग व चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सोहन तिवारी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल हेमा शर्मा, शासकीय अधिवक्ता सुशील शर्मा समेत समस्त कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अभिमत

## थमा नहीं सिलसिला

***अव्यवस्था से मौत का सिलसिला कब थमेगा? पहाड़ की जिंदगी पहाड़ से भी भारी, कब हल्की होगी, इसका उत्तर नहीं मिल रहा है। चमोली के चिडंगा गांव निवासी सैनिक दिनेश चंद्र का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। दिनेश का कहना है कि उसके डेढ़ साल के बेटे की तबियत खराब होने पर परिजन इलाज के लिए ग्वालदम, बैजनाथ, बागेश्वर, अल्मोड़ा और हल्द्वानी ले गये। बार-बार अस्पतालों से रेफर किये जाने से इलाज नहीं किया गया और बेटे ने दम तोड़ दिया।***

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था की बदतर हालत से न जाने कितने लोगों की जान जा चुकी है? अव्यवस्था से मौत का सिलसिला कब थमेगा? पहाड़ की जिंदगी पहाड़ से भी भारी, कब हल्की होगी, इसका उत्तर नहीं मिल रहा है। चमोली के चिडंगा गांव निवासी सैनिक दिनेश चंद्र का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। दिनेश का कहना है कि उसके डेढ़ साल के बेटे की तबियत खराब होने पर परिजन इलाज के लिए ग्वालदम, बैजनाथ, बागेश्वर, अल्मोड़ा और हल्द्वानी ले गये। बार-बार अस्पतालों से रेफर किये जाने से इलाज नहीं किया गया और बेटे ने दम तोड़ दिया। जम्मू-कश्मीर में तैनात दिनेश ने बेटे की मौत के लिए उत्तराखंड की लचर चिकित्सा सेवा को जिम्मेदार ठहराया है। दिनेश ने कटु सत्य कहा है। सिर्फ दिनेश के बेटे ने ही इलाज के अभाव और उत्तराखंड की दयनीय चिकित्सा व्यवस्था के कारण दम नहीं तोड़ा है, बल्कि आये दिन लोग मर रहे हैं। नगण्य मामले चर्चा में आ पाते हैं। यदि दिनेश ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल नहीं किया होता तो मासूम की मौत भी गुमनाम रहती। पांच अस्पतालों में इलाज नहीं मिलने से मासूम की मौत को लापरवाही मानते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जांच के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्तर पर उदासीनता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। बागेश्वर से रेफर किये जाने पर समय से एम्बुलेंस सेवा नहीं मिलना भी गंभीर मामला है। इसके लिए सीएमओ ने एम्बुलेंस स्टाफ को जिम्मेदार माना है। एम्बुलेंस सेवा 108 शुरुआती दौर में वरदान साबित हुई थी, लेकिन पिछले कुछ साल से खामियां पाई जा रही हैं। एम्बुलेंस सेवा में सुधार के लिए मुख्यमंत्री स्वयं तत्काल कदम उठा सकते हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने महानिदेशक स्वास्थ्य से जांच करके रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री धामी हर मामले में जांच के आदेश देने में देरी नहीं करते हैं। इससे पहले भी अनेक मामलों में जांच हो रही है। भर्ती घोटाला, भ्रष्टाचार, रिश्वत और अन्य मामलों की लम्बी फेहरिस्त है। गिरफ्तारियां भी हुई हैं। जांच के आदेशों का शायद कीर्तिमान स्थापित हो जायेगा। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि नौकरशाही अनियंत्रित और निडर है, उसे जांच से कोई फर्क नहीं पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री आये दिन दावा करते रहते हैं कि चिकित्सा सेवा दुरुस्त हो गई है।

## बारिश के बीच धारी में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ नामांकन

**धारी** । ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर सोमवार को धारी में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ नामांकन। धारी ब्लॉक में भाजपा समर्थित रेखा और निर्दलीय भावना आमने-सामने होंगी। वहीं, ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर नंदा बल्लभ का निर्विरोध चुना जाना तय है। ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए चंद्रशेखर का नामांकन जमानत राशि जमा न होने के कारण सहायक निर्वाचन अधिकारी रेखा कोहली ने निरस्त कर दिया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SWEETI AGRAWAL से बदलकर SWATI AGRAWAL रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे SWATI AGRAWAL नाम से जाना पहचाना जाये।- **स्वाती अग्रवाल पत्नी सौरभ अग्रवाल, 26, शिवपुरी भवानीगंज, हल्द्वानी, नैनीताल ।**

# प्राकृतिक आपदा ने उत्तराखंड की विकास प्रक्रिया की गंभीर सवाल खड़े कर दिए

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

देहरादून नैनीताल 5 उत्तरकाशी जिले के धराली गांव और हर्षिल क्षेत्रा में हुई प्राकृतिक आपदा ने उत्तराखंड की विकास प्रक्रिया की गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस फ्लश फ्लड ने न केवल जान-माल का भारी नुकसान किया, बल्कि यह सरकार और समाज को यह चेतावनी भी दी कि विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय जोखिमों का सही तरीके से प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। विकास के नाम पर जहां उत्तराखंड को ष्स्मार्टष् बनाने का दावा किया जा रहा है, वहीं यह घटना एक ज्वलंत उदाहरण बनकर सामने आई है कि जब आपदा आती है, तो सरकारी तैयारी अक्सर अपर्याप्त साबित होती है। खासकर धराली की घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि विकास के आधार केवल ढांचागत निर्माण नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित और स्थिर आधार पर होना चाहिए। प्रारंभ में इसे बादल फटने (बसवनकइनतेज) से जोड़ा गया था, पर अब वैज्ञानिकों का मानना है कि यह ग्लेशियर झील विस्फोट या ग्लेशियर के टूटने के कारण हुआ हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, मूसलधार वर्षा (210 मिमी से अधिक) ने भी इस घटना को बढ़ावा दिया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कम से कम 4दृ5 लोग मृत पाए गए हैं और 100 लोग लापता हैं। इसके अलावा, कई घर, होटल, होमस्टे, दुकानों, पुलों और सड़कों का पूरी तरह से नाश हो गया है, और पशुओं के बह जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। भारतीय सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ आईटीबीपी ने तेजी से राहत कार्यों में जुटे हैं। अब तक 164 लोगों को एयरलिफ्ट कर प्ज्ठच् के शिविर तक सुरक्षित पहुंचाया गया है। प्रभावित क्षेत्रों का संपर्क पहले टूट गया था, लेकिन अब उसे पुनर्स्थापित कर लिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत कार्यों को प्राथमिकता दी और प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक व्यक्त किया और सभी आवश्यक संसाधन मुहैया कराने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को 5-5 लाख रुपये की सहायता और छह महीने की राशन सुविधा देने की घोषणा की है। साथ ही, सड़क, बिजली और संपर्क बहाली के कार्य भी जारी हैं। इस त्रासदी ने हमें यह सीखने का मौका दिया है कि विकास तभी सार्थक है जब वह पर्यावरणीय सुरक्षा और जोखिम-प्रबंधन के साथ संतुलन पर आधारित हो। सिर्फ संरचनाओं का निर्माण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें प्रकृति के रुख को समझते हुए प्रभावी बचाव तंत्रा तैयार करना और समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। धराली जैसी घटनाएं केवल विनाश नहीं, बल्कि चेतावनी हैं। हमें हिमालय के नाजुक इकोसिस्टम को समझते हुए सतर्क रहना होगा। देहरादून में प्रस्तावित बिंदाल/रिस्पना नदी के ऊपर बनने वाले एलिवेटेड रोड परियोजना को भी इस घटना के संदर्भ में पुन: समीक्षा की आवश्यकता है।

# फिल्मी दुनिया

## सिद्धार्थ-कियारा की फिल्म 'शेरशाह' को पूरे हुए चार साल



*सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फिल्म शेरशाह को आज मंगलवार को रिलीज हुए चार साल हो गए हैं। इस अवसर पर अभिनेता ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए पोस्ट शेयर किया है। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की जिंदगी पर आधारित फिल्म शेरशाह आज 12 अगस्त के ही दिन 2021 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए शहीद विक्रम बत्रा के प्रति सम्मान जताया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या लिखा। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर दो पोस्ट शेयर किए हैं, जिसमें उन्होंने 'शेरशाह' फिल्म के चार साल पूरे होने पर संदेश भी लिखा है। पहली स्टोरी में अभिनेता ने धर्मा प्रोडक्शन द्वारा शेयर किए गए वीडियो को लगाया है, जो शेरशाह फिल्म का क्लिप है। इसके कैप्शन में प्रोडक्शन हाउस ने लिखा, 'एक बहादुर सिपाही की सच्ची कहानी, जिसने देश के लिए लड़ाई लड़ी और पीढ़ियों तक अपनी छाप छोड़ी। शेरशाह के हिट गानें और शानदार डायलॉग्स को चार साल पूरे हो गए।*

### चार साल बाद भी यादें मजबूत

*दूसरी स्टोरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा ने शेरशाह फिल्म का पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उन्हें फौजी के ड्रेस में देखा जा सकता है। इसके साथ ही ग्राफिक्स पर लिखा है शेरशाह के चार साल। इसके अलावा अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'गर्व से अभिभूत, प्यार भरी यादें 4 साल बाद भी उतनी ही मजबूत हैं। कैप्टन विक्रम बत्रा की भूमिका निभाना मेरे लिए हमेशा सबसे सम्मान की बात रहेगी। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फिल्म शेहशाह 12 अगस्त 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। विष्णु वर्धन के निर्देशन में बनी ये फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आई थी।*

# संकष्टी चतुर्थी व्रत से बड़ा संकट टल सकता है: पंडित प्रकाश चंद्र

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के मुताबिक मंगलवार (आज) होने वाले संकष्टी चतुर्थी व्रत से बड़े से बड़ा संकट टल सकता है इसलिए हर व्यक्ति को हर व्रत जरुर करना चाहिए।

आचार्य जोशी ने बताया कि मंगलवार (आज) को संकष्टहर चतुर्थी व्रत मनाया जाएगा। इस दिन यदि चतुर्थी तिथि की बात करें तो प्रातः 8.41 बजे से चतुर्थी तिथि प्रारंभ होगी। यदि नक्षत्र की बात करें तो इस दिन पूर्व भाद्रपद नामक नक्षत्र 11.52 बजे तक है। यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जानें तो इस दिन चंद्र देव प्रातः 6.10 बजे तक कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे तदुप्रांत चंद्र देव मीन राशि में प्रवेश करेंगे। जोसी के मुताबिक यदि पूजा के शुभ मुहूर्त की बात करें तो इस दिन चंद्रोदय के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने के साथ पूजन किया जाता है। इस दिन चंद्रोदय रात्रि 8.59 बजे होगा। अलग-अलग जगह पर चंद्रोदय का समय कुछ मिनट आगे पीछे हो सकता है।

संकष्टहर चतुर्थी व्रत कथा राजा नल से संबंधित है। राजा नल को जुआ खेलने की लत थी। जुए में अपना सारा राज्य हार गए थे। शापवश राजा नल को अपना राज्य खोना पड़ा और रानी के वियोग से कष्ट सहना पड़ा। तब दमयंती ने इस व्रत के प्रभाव से अपने पति को पुनः प्राप्त किया। इस व्रत के प्रभाव से नल ने भी सभी सुख प्राप्त किए। अतः संकष्टी चतुर्थी का यह व्रत विघ्न का नाश करने वाला तथा सुख प्रदान करने वाला है।

## News कॉर्नर

### धराली आपदा पर कूटा ने गहरा दु:ख जताया

**नैनीताल** । उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में बादल फटने तथा अत्यधिक वर्षा और भूस्खलन के कारण हुई भीषण प्राकृतिक आपदा से जनजीवन को भारी क्षति पहुँची है। इस आपदा पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने गहरा दु:ख जताया है। कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षा संघ यूटा ने इस आपदा से प्रभावित सभी परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है तथा कहा है कि यह हमारे लिए अत्यंत पीड़ादायक समय है जब प्राकृतिक आपदाएँ एक के बाद एक राज्य के विभिन्न हिस्सों में तबाही मचा रही हैं। कूटा इस कठिन समय में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता है तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता है। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी,डॉ. विजय कुमार महासचिव समेत कूटा परिवार ने दु:ख जताया है।

### चोरों के आने की सूचना से लोगों में भय, ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी**। राजपुरा के राजेंद्र नगर में चोरों के आने की सूचना से स्थानीय लोगों में भय बना हुआ युवा नेता हेमन्त साहू व पार्षद प्रीति आर्या के अगवाई में दर्जनों लोगों ने एसपी क्राइम जगदीश चन्द्र से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है सौंपे ज्ञापन में पार्षद प्रीति आर्य नेपुलिस गश्त बढ़ाने की मांग के साथ नशे पर अंकुश लगाने की मांग की है

साथ ही राजपुरा चौकी में पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की। उनका कहना है चौकी में पुलिस बल कम होने की वजह से आम जन की शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। हेमंत साहू ने बताया पिछले एक हफ्ते से लगातार रात्रि में इलाके में अराजक तत्व दिखाई दे रहे जिससे लोग डरे ओर सहमे हैं।

# पार्षद रवि जोशी ने नुमाइश की व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल, की शिकायत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



वार्ड नंबर 11 के पार्षद रवि जोशी ने शहर में चल रही नुमाइश (प्रदर्शनी) की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें प्रदर्शनी आयोजन के दौरान प्रशासनिक लापरवाही की बात कही गई है। पार्षद रवि जोशी का आरोप है कि नुमाइश में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई है, जबकि सामान्यत- ऐसी प्रदर्शनी में कम से कम एक दरोगा तथा 15 से 20 महिला व पुरुष कांस्टेबलों की ड्यूटी लगाई जाती है। इसके लिए आयोजकों को पुलिस विभाग में लगभग 15 से 16 लाख रुपये की धनराशि जमा करनी होती है, जो अभी तक जमा नहीं कराई गई है। बावजूद इसके, पुलिस प्रशासन द्वारा बिना निर्धारित शुल्क जमा हुए ही अनुमति दे दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नुमाइश स्थल के आसपास लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है, जिससे पुलिस को अतिरिक्त ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती करनी पड़ रही है। आमतौर पर इसका खर्च भी आयोजकों द्वारा वहन किया जाता है, लेकिन अब तक यह भुगतान नहीं हुआ है। पार्षद ने सवाल उठाया कि आम नागरिकों के लिए पुलिस सत्यापन के सख्त नियम हैं, लेकिन नुमाइश में कार्यरत कर्मियों का कोई पुलिस सत्यापन नहीं किया गया है। यह सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चूक मानी जा रही है। शिकायत में उन्होंने यह भी बताया कि प्रदर्शनी में लगे झूलों के पास किसी भी प्रकार का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। झूलों की फिटनेस की जांच पीडब्ल्यूडी (क्वुष्ठ) विभाग से होती है, लेकिन संबंधित प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मेले में फायर ब्रिगेड की कोई गाड़ी तैनात नहीं है, न ही इसके लिए किसी प्रकार की धनराशि अग्निशमन विभाग को दी गई है। जोशी ने मांग की है कि मेला क्षेत्र में मॉक ड्रिल कराई जाए ताकि आपात स्थिति में तैयारियों का मूल्यांकन किया जा सके। सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया कि झूलों में करंट दौड़ने की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं, जो जानलेवा हो सकती हैं। पार्षद ने यह भी कहा कि प्रदर्शनी में जारी की जा रही टिकटों पर कोई जीएसटी नंबर अंकित नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब ?20 के समोसे पर भी जीएसटी नंबर जरूरी होता है, तो ऐसे बड़े आयोजन में इसका उल्लंघन क्यों किया जा रहा है? पार्षद रवि जोशी ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल इस पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करे, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से पहले स्थितियों को नियंत्रित किया जा सके।

# नैनीताल में फिर से बंद रहेगा मेले के दौरान पार्किंग का संचालन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर पालिका परिषद नैनीताल के अंतर्गत संचालित होने वाली डीएसए पार्किंग अब मैदान के समतलीकरण का कार्य पूरा होने के बाद फि र से संचालित की जा रही है। मंगलवार से इसका संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि बीते कई दिनों से पार्किंग का संचालन बंद था जिस कारण पार्किंग से पालिका को होने वाली आय में भी काफी नुकसान हो रहा था। डीएसए पार्किंग में करीब 350 वाहनों की क्षमता है और प्रतिदिन इस पार्किंग से पालिका को करीब एक लाख 90 हजार से 2 लाख तक आय प्राप्त होती है। पार्किंग संचालित नहीं होने के चलते पालिका की आय में प्रतिदिन करीब 2 लाख रुपए का नुकसान हो रहा था। मैदान के समतलीकरण का कार्य पूरा होने के बाद मंगलवार से पार्किंग पुन- संचालित की जा रही है जिससे पालिका की आय में बढ़ौतरी होगी।नंदा देवी महोत्सव के दौरान हर वर्ष की तरह पार्किंग का संचालन फिर से बंद रहेगा जिस कारण पालिका को डीएसए पार्किंग से होने वाली आय प्रभावित होगी।

मामले में नगर पालिका के कर निरीक्षक दीपेंद्र बमोला ने बताया कि पालिका को डीएसए पार्किंग से प्रतिदिन औसतन दो लाख तक की आय होती है और बीते कुछ दिनों मैदान के समतलीकरण के कार्य के चलते पार्किंग संचालित नहीं हो पा रही थी जिस कारण डीएसए पार्किंग से कोई आय नहीं हो पा रही थी। मंगलवार से पार्किंग का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है जिससे पालिका की आय में सुधार होगा। बताया कि मेले के दौरान पार्किंग का संचालन फिर से बंद रहेगा।

# जब जब भगवान पृथ्वी पर जन्म लेते है तब तब आसुरी शक्तियों का विनाश होता है:विवेकानंद जोशी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हिमालय स्वराज सेवा ट्र्स्ट द्वारा पश्चिमी खेड़ा गौलापार के मेजर सोमनाथ शर्मा पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास विवेकानंद जोशी द्वारा ,भक्त प्रह्लाद,श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई, और कहा कि जब जब धर्म की हानि होती है तब भगवान अपनी लीला से पृथ्वी पर अवतरित होते है,आज श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इससे पूर्व प्रात: श्री गणेशजी पूजन ,सर्वदेव पूजन हुआ, पूजन कार्य पंडित कमलेश पांडे, कमल जोशी जी द्वारा संपन्न किया गया।आज जजमान के रूप में,नारायण सिंह बोरा, अनिता बोरा, बहादुर सिंह बिस्ट,अशोक चौहान जी परिवार सहित बैठे। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन बिस्ट,जिला पंचायत सदस्य लीला देवी बिस्ट, गंगा देवी, सीता देवी, ममता देवी,आशा भट्ट, जानकी देवी, गीता देवी, मुन्नी देवी, उमा देवी, हंसी देवी, गीता बिस्ट, हेमलता बिस्ट,हेमा नेगी, हंसी जोशी, ममता बिस्ट, मोना पांडे, देवकी मेहरा,कमला जोशी, बी एस बिस्ट जी उपस्थित रहे। हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली, कोषाध्यक्ष हेम पंत, मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे ,पारस रूवाली सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# औषधीय पौधों के वितरण तथा उनकी आर्थिकी में योगदान विषय पर व्याखयान दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने एमएमटीटीसी द्वारा आयोजित किए जा रहे फैकल्टी इंडेकशन कार्यक्रम में औषधीय पौधों के वितरण तथा उनकी आर्थिकी में योगदान विषय पर व्याखयान दिया।

प्रो. तिवारी ने कहा कि 30000 बीसी पहले सुमिरन सभयता पर ऑडिया पौधों का संकलन शुरू हुआ ।सुश्रुत में 700 औषधीय पौधों का उल्लेख मिलता है । पूरे विश्व में 50 से 70 हजार औषधीय तथा एरोमेटिक पौधे मिलते हैं, किन्तु पूरे विश्व में इनका दोहन लगभग 80 0 प्रतिशत जंगलों से ही होता है । वर्तमान में भी तुलसी,नीम,अदरक, अमला,ब्राह्मी, लॉन्ग, इलायची, काली मिर्च,हल्दी एईसबगोल, सिनकोना,अश्वगंधा मानव की लिए बहुत महत्पूर्ण हैं । उत्तराखंड में 250 औषधीय पौधे आडियो में बिकते हैं जबकि उत्तराखंड में 701 औषधीय पौधों मिलते है ।

प्रो.तिवारी ने कहा कि पूरे विश्व में 14 बिलियन डॉलर का कारोबार औषधीय पौधों का है । कहा कि आने वाले 25 वर्षों में औषधीय पौधे विश्व की आर्थिकी में बेहतर भागीदारी करेंगे । उन्होंने किलमोरा , सन पत्ता, पीपली तथा वसा की जानकारी सहित अष्ट वर्ग पौधे के बारे में भी जानकारी दी । प्रो. तिवारी ने कहा कि इनके संरक्षण तथा कल्टीवेशन के बहुत जरूरत है जिससे सतत विकास में इनका लाभ मानवता तथा जीव धारियों को मिल सके । इनकी खेती को बढ़ावा तथा इनकी मार्केटिंग की समुचित व्यस्था जरूरी है । फैकल्टी इडेकशन प्रोग्राम में देश के विभिन्न राज्यों के 190 सहायक प्राध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं।

### गश्त के दौरान गौ हत्या के आरोपी को गिरफ्तार

**हल्द्वानी**। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस में एक गौ हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है तबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा काठगोदाम थाना पुलिस बीती रात गौला पार स्टेडियम के समीप गश्त कर रही थी तभी दो युवक स्कूटी संख्या ह्व04 ए जी 1451 पर बैठे थे वह पुलिस को देखकर भागने लगे संदेह होने पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। तब की दूसरा भाग ने में कामयाब रहा । प

# भूमियाधार की रागीनी बनी कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख, लोगों ने दी बधाइयां

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल के भूमियाधार निवासी रागीनी को भीमताल ब्लॉक के कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर नियुक्त किया गया है।

भूमियाधार प्रथम से बीडीसी मेंबर का चुनाव जीत चुकी है। उन्होंने बताया कि आज बताया कि उन्हें निर्विरोध कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नियुक्त किया गया है। वहीं लोगों ने कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख बनने पर उन्हें बधाइयां दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। इस दौरान कहा कि वह इस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे और साथ ही जो क्षेत्र में काम नहीं हुए हैं उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा उन्होंने कहा कि उनका पहला काम क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

उन्होंने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र के विकास के लिए होगी। इस दौरान ने सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक अभिनंदन किया साथ ही उन्होंने कहा कि उनका पहला उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

# शारदा संघ सभागार में गोल्डी मेहंदी क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



लेक सिटी वेलफेयर कलब के तत्वावधान में रविवार को गोल्डी मेहंदी क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन शारदा संघ सभागार में किया गया।

प्रतियोगिता केजूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों में मिलाकर कुल 227 बालिकाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। निर्णायक राखी अग्रवाल द्वारा सभी प्रतियोगियों को बारीकी, सफाई एवं डिजाइन पर अंक प्रदान किए गए। इस अवसर पर लाइंस कलब अध्यक्ष एवं गोल्डी मेहंदी प्रतियोगिता के प्रयोजक डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा तोल मोल के बोल एवं सवाल जवाब व कवीज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी हाथों पुरस्कृत किया ।कार्यक्रम के मुखय अतिथि गोल्डी मसाले के क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक एम एस अधिकारी का स्वागत लेक सिटी वेलफेयर कल की अध्यक्ष आभा साह, कार्यक्रम संयोगिता रमा तिवारी तथा गोल्डी मेहंदी कार्यक्रम के प्रायोजक लायंस कलब अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा किया गया । गोल्डी मेहंदी क्वीन जूनियर का खिताब जाग्रति एवं गोल्डी मेहंदी क्वीन सीनियर वर्ग का खिताब गुनगुन वर्मा ने जीता। दूसरे स्थान पर जूनियर वर्ग में कामाक्षी एवं सीनियर वर्ग में नेहा धामी एवं तीसरे स्थान के विजेताओं जूनियर वर्ग में अंजमि एवं सीनियर वर्ग में रोजाम को भी आकर्षक पुरस्कार एवं कैश प्राइज दिया गया ।इसी प्रकार दोनों वर्गों की विजेताओं जूनियर वर्ग में काव्यस पालीवाल, कनक कनवाल, अनुष्का,दिया साह,तैयबा एवं दीपिका को प्रदान किए गए तथा सीनियर वर्ग के कॉन्सुलेशन प्राइस नूपुर नेगी, दिशा कथुरा, अंजू शाही, मनंत शाह, निकिता पवार एवं रूही को प्रदान किए गए। सांत्वना पुरस्कार के अंतर्गत स्मृति चिन्ह एप्रमाण पत्र एवं कैश प्राइज प्रदान किया गया ।